आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 10.11.2026 समय : 0705

<><><><><><><>

1. स्वास्थ्य सेवा निदेशालय नगरपालिका क्षेत्र में एंटी–लार्वा और स्रोत न्यूनीकरण गतिविधियों पर साप्ताहिक कार्यक्रम लागू करेगा।

2. पर्यटन विभाग की ओर से होमस्टे संचालन पर प्रशिक्षण कार्यक्रम 14 नवम्बर तक जारी रहेगा।

3. सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय द्वारा 'आइलैंड बीच गेम्स की नई तिथि की घोषणा कर दी गई है।

4. जहाजरानी सेवा निदेशालय ने दिसंबर माह के लिए एम.वी स्वराज द्वीप की संभावित समय सारणी जारी की।

<><><><><><><>

स्वास्थ्य सेवा निदेशालय की राष्ट्रीय वाहक जनित रोग नियंत्रण कार्यक्रम इकाई, की ओर से नगरपालिका क्षेत्र में एंटी–लार्वा और स्रोत न्यूनीकरण गतिविधियों पर साप्ताहिक कार्यक्रम लागू किया जा रहा है। इस पहल के हिस्से के रूप में, एन वी बी डी सी पी टीम द्वारा नियमित रूप से गतिविधियाँ शुरू की जा रही हैं। इसके तहत मच्छरों के संभावित प्रजनन स्थलों का निरीक्षण, ठहरे हुए पानी का पता लगाना, प्रजनन स्थलों में एंटी–लार्वा उपाय करना और निवारक उपायों के संबंध में जागरूकता गतिविधियाँ शामिल हैं। इसके लिए नगरपालिका क्षेत्र के विभिन्न इलाकों को व्यवस्थित रूप से कवर करने के लिए साप्ताहिक कार्यक्रम तैयार किया गया है। लोगों से टीमों के दौरों के दौरान सहयोग देने निवारक उपायों को अपनाने की भी सलाह दी गई है। यह कार्यक्रम आगामी सोमवार से शनिवार तक जारी रहेगा।

<><><><><><><>

होमस्टे संचालन – रूम डिविजन और टिकाऊ पर्यटन प्रबंधन पर 6–दिवसीय व्यापक प्रशिक्षण और प्रमाणन कार्यक्रम कल आपदा प्रबंधन निदेशालय में शुरू हुआ। RAMP योजना के तहत इंस्टीट्यूट ऑफ होटल मैनेजमेंट, कैटरिंग टेक्नोलॉजी एंड एप्लाइड न्यूट्रिशन, मुंबई के सहयोग से पर्यटन विभाग द्वारा आयोजित यह प्रशिक्षण 14 नवंबर तक जारी रहेगा। इस पहल का उद्देश्य मौजूदा होमस्टे संचालकों, इच्छुक उद्यमियों और उनके कर्मचारियों को होमस्टे संचालन, रूम डिविजन संचालन, हाउसकीपिंग मानकों, अतिथि सेवा और टिकाऊ प्रथाओं में सशक्त बनाना है। सत्र के दौरान प्रतिभागियों को द्वीपों की पर्यटन क्षमता, घरेलू और अंतर्राष्ट्रीय आगंतुकों के प्रोफाइल, स्थानीय उद्यमों की भूमिका, आधुनिक पर्यटकों की अपेक्षाओं और पेशेवर अतिथि सेवा व्यवहार के बारे में जागरूक किया गया। इच्छुक प्रतिभागी जो अब इस प्रशिक्षण से जुड़ना चाहते हैं, वे पंजीकरण के लिए पर्यटन विभाग के योजना अनुभाग से आज संपर्क कर सकते हैं।

<><><><><><><>

जनजातीय कल्याण निदेशालय की ओर से 15 नवम्बर को जनजातीय गौरव दिवस मनाया जाएगा। जनजातीय मामलों के मंत्रालय द्वारा महाराष्ट्र से इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया जाएगा। द्वीपसमूह में मुख्य कार्यक्रम डॉ. बी आर अम्बेडकर प्रौद्योगिकी संस्थान में आयोजित होगा।

<><><><><><><>

युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय के अंतर्गत मेरा युवा भारत की ओर से 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग' 2027 पहल के तहत हाल ही में जवाहर लाल नेहरू राजकीय महाविद्यालय में जिला स्तरीय विकसित भारत युवा संसद 2027 का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समाज कल्याण निदेशक मोहित मिश्रा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उन्होंने अपने संबोधन में युवाओं को संवैधानिक मूल्यों को समझने, नेतृत्व गुणों को विकसित करने और राष्ट्र निर्माण तथा विकसित भारत @2047 के दृष्टिकोण की दिशा में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रोत्साहित किया। मेरा युवा भारत के संयुक्त निदेशक सुखरंजन बिस्वास ने प्रतिभागियों को कार्यक्रम के उद्देश्यों और दिशानिर्देशों के बारे में जानकारी देते हुए लोकतांत्रिक प्रक्रियाओं में युवाओं की भागीदारी के महत्व पर प्रकाश डाला।

<><><><><><><>

अखिल भारतीय मतुआ महासंघ में राज्य समिति का चयन किया गया है। इसके अंतर्गत गौतम बनिक को अध्यक्ष, अपूर्बा बिश्वास को सचिव और तपस कुमार दास को कोषाध्यक्ष बनाया गया है।

<><><><><><><>

सूचना, प्रचार और पर्यटन निदेशालय की ओर से 'आइलैंड बीच गेम्स की तिथि की घोषणा की गई है। अब यह प्रतियोगिता वंडूर समुद्र तट और रामनगर समुद्र तट में 13 और 14 नवंबर को आयोजित होगा। इस दो दिवसीय खेल गतिविधि का आयोजन मध्योत्तर अंडमान जिला प्रशासन, पंचायती राज संस्थाओं, शिक्षा निदेशालय, खेल एवं युवा मामले निदेशालय और अन्य संबंधित हितधारकों के समन्वयन से किया जा रहा है। इसका मुख्य उद्देश्य समुद्र तटीय पर्यटन को बढ़ावा देना है। इस कार्यक्रम में पुरुषों और महिलाओं दोनों श्रेणियों में विभिन्न खेलों के आयोजन किए जाएंगे। वंडूर में होने वाले आयोजनों के लिए इच्छुक प्रतिभागी वॉलीबॉल कोच या सूचना, प्रचार एवं पर्यटन निदेशालय के सहायक प्रबंधक से संपर्क कर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। वहीं रामनगर बीच के लिए इच्छुक प्रतिभागियों से खंड विकास अधिकारी बिजॉय कुमार दास या सहायक प्रबंधक, पर्यटन कृष्णा कुमार से संपर्क करने को कहा गया है।

<><><><><><><>

अंडमान निकोबार द्वीपसमूह बैडमिंटन संघ आगामी राष्ट्रीय बैडमिंटन चैम्पियनशिप के लिए राज्य स्तरीय चयन ट्रायल का आयोजन करने जा रहा है। इसके लिए पुरुष और महिला सीनियर वर्ग के सिंगल्स, डबल्स और मिक्स्ड डबल्स स्पर्धाओं में 21 और 22 नवंबर को चयन ट्रायल रखा गया है। चुने गए खिलाड़ी 17 से 24 दिसंबर तक भुवनेश्वर

में आयोजित होने वाली सीनियर नेशनल बैडमिंटन चैम्पियनशिप में द्वीपसमूह का प्रतिनिधित्व करेंगे। इच्छुक खिलाड़ियों को 16 नवंबर तक गूगल फॉर्म के माध्यम से प्रविष्टियां जमा करने को कहा गया है।

<><><><><><><><>

जहाजरानी सेवा निदेशालय ने दिसंबर माह के लिए एम.वी स्वराज द्वीप की संभावित समय सारणी जारी कर दी है। एम वी स्वराज द्वीप पहली दिसंबर को श्री विजयपुरम से विशाखापत्तनम के लिए रवाना होगा और इसकी वापसी 9 दिसंबर को होगी। अपनी अगली यात्रा पर यह जहाज 11 दिसंबर को श्री विजयपुरम से चेन्नई और 22 दिसंबर को विशाखापत्तनम जाएगा। इन यात्राओं के लिए टिकट जारी किए जा रहे हैं। टिकट निदेशालय के ई–टिकटिंग पोर्टल के माध्यम से बुक किए जा सकते हैं। इसके अलावा STARS टिकटिंग काउंटर से भी टिकट बुक किए जा सकते हैं।

<><><><><><><><>

भारतीय मानवविज्ञान सर्वेक्षण क्षेत्रीय केंद्र की ओर से हाल ही में कार्यस्थल पर महिलाओं का लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम, 2013 के प्रावधानों पर जागरूकता–सह–प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर पॉश अधिनियम सलाहकार रुबीना सिद्दीकी ने कार्यस्थल पर उपयुक्त और अनुपयुक्त व्यवहार, अधिनियम के कानूनी एवं प्रक्रियात्मक पहलुओं, लैंगिक उत्पीड़न की शिकायतों के निवारण तंत्र तथा एक सुरक्षित वातावरण बनाए रखने में कर्मचारियों की जिम्मेदारियों पर विस्तार से जानकारी दी।

<><><><><><><><>

आपदा प्रबंधन निदेशालय, आई एन सी ओ आई एस के समन्वय से तीनों जिलों में आपदा जोखिम न्यूनीकरण को मजबूत करने के लिए गतिविधियां चला रहा है। इस सिलसिले में हाल ही में कार निकोबार के टीटॉप और कल कार निकोबार के अरोंग में सुनामी–सह–जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम निकोबार जिले के उपायुक्त कार्यालय के अंतर्गत जिला आपातकालीन संचालन केंद्र द्वारा आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य स्थानीय समुदायों के बीच सुनामी के प्रति जागरूकता बढ़ाना और आपदा तैयारी को बढ़ाना था। कार्यक्रम के दौरान, प्रतिभागियों को सुनामी के खतरों, उनके कारणों और संभावित प्रभावों, आने वाली सुनामी के प्राकृतिक चेतावनी संकेतों और प्रारंभिक चेतावनी प्रणालियों के महत्व के बारे में जानकारी दी गई।

<><><><><><><><>